प्रो० अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2021/5003 दिनांकः 28 अगस्त, 2021

सेवा में,
निदेशक / प्रचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2020-21 के सम सेमेस्टर की आयोजित हो रही ऑन-लाइन परीक्षाओं कतिपय छात्रों द्वारा नकल किये जाने के प्रयास के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2020-21 के सम सेमेस्टर के सभी वर्षो में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की परीक्षाएं ऑन-लाइन मोड में दिनांक 20 जुलाई, 2021 से आयोजित कराई जा रही है।

उक्त आयोजित हो रही परीक्षाओं के सम्बन्ध में ऐसा संज्ञान में आया है कि कतिपय छात्रों द्वारा आन-लाइन परीक्षा में नकल किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसको विश्वविद्यालय की AI/प्रोक्टर्स द्वारा निगरानी कर छात्रों को यू0एफ0एम0 की श्रेणी में रखा जा रहा है, यू0एफ0एम0 की श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर विभिन्न संस्थानों की सूची भी तैयारी की जा रही है।

अतः विश्वविद्यालय स्तर द्वारा इस प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सम्यंक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि यू0एफ0एम0 की श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले छात्रों के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की बाध्यता होगी।

कृपया उक्त के दृष्टिगत यह अनुरोध है कि अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित / निर्देशित करना सुनिश्चित करें कि वे आन-लाइन परीक्षा में पूरी ईमानदारी एवं परीक्षा की शुचिता को कायम रखते हुए परीक्षा कार्य मे सहयोग करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

Anurag Tripathi
28.08.21

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किये गये समस्त प्रोक्टर्स।
2. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. ई0आर0पी0 प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

/

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक